दक्षिण रेलवे/SOUTHERN RAILWAY

No.P(R)676/P/Vol.V

प्रधानकार्यालय/ Headquarters Office
कार्मिक शाखा/ Personnel Branch
चेन्नै/Chennai - 600 003
दि./ Dated: 08-09-2015

**आर बी ई सं/RBE No.94 / 2015**

**पी बी सी सं/ PBC No.125 / 2015**

All PHODs / DRMs / CWMs / CEWE / CAO / CPM / Dy.CPOs / Sr.DPOs / DPOs / SPOs / WPOs / APOs of HQ / Divisions / Workshops / other Units, etc.,

(As per mailing list –'A' )

**विषय/**Sub: Insistence upon Posession of Educational Qualification for one way request transfer in case of merger of caegories and Revision of Educational Qualification - Regarding.

******

A copy of Railway Board's letter No.E(NG)I-2015/TR/9 dated 26-08-2015 (RBE No.94 / 2015) is enclosed for information, guidance and necessary action.

Railway Board's letters dated 08-02-2000 referred there in has been circulated under PBC No. 32 / 2000.

(V.SRINIVASAN)
**वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/नियम**
Senior Personnel Officer/Rules
कृते मुख्य कार्मिक अधिकारी
For Chief Personnel Officer

संलग्न/Encl: as above

प्रतिलिपि/Copy to : The Genl Secy / SRMU
The Genl Secy / AISCSTREA
The Genl Secy / AIOBCREA

The Genl Secy / NFIR

RBE NO. 94/2015

**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF RAILWAYS**
**(RAILWAY BOARD)**

No. E(NG)I-2015/TR/9

New Delhi, dated 26.08.2015

The General Manager(P)s,
All Indian Railways & Production Units.
(As per standard list).

Sub : Insistence upon Possession of Educational Qualification for one way request transfer in case of merger of categories and Revision of Educational Qualification- Regarding.

As the Railways are aware, in terms of instructions contained in Board's letter No. E(NG)I-99/TR/15 dated 08.02.2000, transfer on request of Railway employees from one Railway/Division/Unit to another Railway/Division/Unit in grades having an element of direct recruitment against DR quota post is accepted on bottom seniority if the employee possesses the educational qualification prescribed for direct recruitment to the post to which transfer is sought for.

2. A question has arisen as to whether in case of merger of categories in Group "C" non-gazetted post, an employee who has been recruited pre-merger from open market in one of the merged grade would be required to possess the educational qualification prescribed for the new merged category for seeking request transfer or not.

3. The matter has been considered by Board.It has been decided that when one category having an element of direct recruitment is merged with another category also having an element of direct recruitment, in such cases possession of educational qualification prescribed for direct recruitment for the new merged category shall not be insisted upon.

4. Similarly, whenever educational qualification for direct recruitment for any category in Group "C" non-gazetted post is revised upwardly, existing employees recruited with pre-revised qualification shall also be allowed to seek request transfer on bottom seniority against DR quota vacancies. Possession of the revised educational qualification shall not be insisted upon in such cases also. Other terms and conditions for seeking one way request transfer shall remain unchanged.

Please acknowledge receipt.

(This disposes of Northeast Frontier Railway's letter No. E/283/38/IRT ( Engg) dated 01.05.2015)

(M.K. Meena)
Deputy Director Estt (N)
Railway Board

आरबीई सं. 94/2015

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. ई(एनजी)I-2015/टीआर/9

नई दिल्ली, दिनांक 26.08.2015

महाप्रबंधक (पी),
सभी भारतीय रेलें एवं उत्पादन इकाइयां।
(मानक सूची के अनुसार)

विषय: कोटियों को विलय किए जाने के मामले में एक तरफा स्थानांतरण के अनुरोध के संबंध में शैक्षणिक अर्हता रखने पर जोर देना और शैक्षिक अर्हता में संशोधन करना।

जैसा कि रेलों को विदित हैं, बोर्ड के दिनांक 08.02.2000 के पत्र सं. ई(एनजी)I-99/टीआर/15 में निहित अनुदेशों के अनुसार एक रेलवे/मंडल/इकाई से दूसरी रेलवे/मंडल/इकाई में, उस ग्रेड, जिसमें सीधी भर्ती का एलिमेन्ट हो, में सीधी भर्ती कोटा पद के तहत रेलवे कर्मचारी के स्थानांतरण के अनुरोध को सबसे कनिष्ठतम वरीयता पर स्वीकार किया जाता है, बशर्ते कि कर्मचारी उस पद जिसके लिए स्थानांतरण मांगा गया हो, के लिए सीधी भर्ती हेतु निर्धारित शैक्षणिक अर्हता रखता हो।

2. यह प्रश्न उठाया गया है कि क्या ग्रुप 'सी' अराजपत्रित पद पर कोटियों के विलय के मामले में, किसी ऐसे कर्मचारी, जिसे विलय से पूर्व के ग्रेडों में से किसी एक विलय किए गए ग्रेड में ओपन मार्केट से भर्ती किया गया हो, के स्थानांतरण के अनुरोध के मामले में विलय कर बनाई गई नई कोटि के लिए निर्धारित शैक्षणिक अर्हता रखना अपेक्षित होगा अथवा नहीं।

3. बोर्ड द्वारा इस मामले पर विचार किया गया है। यह विनिश्चय किया गया है कि जब किसी ऐसी कोटि, जिसमें सीधी भर्ती का ऐलिमेन्ट हो, को दूसरी कोटि, जिसमें भी सीधी भर्ती का एलिमेन्ट हो, का विलय किया जाता है तो, ऐसे मामलों में, इस प्रकार विलय कर बनाई गई नई कोटि के लिए सीधी भर्ती हेतु निर्धारित शैक्षणिक अर्हता रखने पर जोर नहीं दिया जाएगा।

4. इसी प्रकार, जब कभी ग्रुप "सी" अराजपत्रित पद की किसी कोटि के लिए सीधी भर्ती हेतु शैक्षणिक अर्हता को संशोधित कर उसे बढ़ाया जाता है तो संशोधनपूर्व की अर्हता के साथ भर्ती किए गए मौजूदा कर्मचारियों को भी सीधी भर्ती कोटा की रिक्तियों के लिए कनिष्ठतम वरीयता पर स्थानांतरण का अनुरोध करने की अनुमति होगी। ऐसे मामलों में भी संशोधित शैक्षणिक अर्हता रखे जाने पर जोर नहीं दिया जाएगा। एक तरफा स्थानांतरण के अनुरोध से संबंधित अन्य निबंधन एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

कृपया पावती दें।

(इससे पूर्वोत्तर सीमा ~~रेलवे के दिनांक 01.05.2015~~ के पत्र सं. ई/283/38/आईआरटी (इंजी.) का निपटान हो जाता है)

(एम.के. मीना)
उप निदेशक स्थापना (एन)
रेलवे बोर्ड